# पूंजी निविश 2023-24 के लिये राज्यों को विशिष सहायता

## प्रलिम्सि के लिये:

पूंजी निविश के लिये राज्यों को विशिष सहायता, केंद्रीय बजट 2023-24, जल जीवन मिशिन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मेक इन इंडिया, **एक ज़िला एक उत्पाद**

## मेन्स के लिये:

पूंजी निविश2023-24 के लिये राज्यों को विशिष सहायता, प्रभावी पूंजी व्यय

## चर्चा में क्यों?

**वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के व्यय विभाग ने चालू वित्त वर्ष में 16 राज्यों में 56,415 करोड़ रुपए के** पूंजी निविश **प्रस्तावों** को मंज़ूरी दी है।

- यह मंज़ूरी **'पूंजी निविश 2023-24 के लिये राज्यों को विशिष सहायता'** योजना के तहत दी गई है।
- इन 16 राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तमलिनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

## 'पूंजी निविश 2023-24 के लिये राज्यों को विशिष सहायता' योजना:

- **पृष्ठभूमि:**
    - पूंजी निविश/व्यय के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता की**यह योजना, पहली बार वित्त मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी** और इसने राज्य द्वारा किये जाने वाले पूंजीगत व्यय में उचित समय पर वृद्धि की।
- **परिचय:**
    - पिछले तीन वर्षों से पूंजीगत व्यय के लिये इसी तरह के प्रयास को जारी रखते हुए इस योजना की घोषणा **केंद्रीय बजट 2023-24** में की गई थी।
    - योजना के तहत **वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य सरकारों को 1.3 लाख करोड़ रुपए की कुल राशि तक 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण** के रूप में विशिष सहायता प्रदान की जा रही है।

## SPECIAL ASSISTANCE TO STATES

| State | Amount (in ₹ cr) | State | Amount (in ₹ cr) |
|---|---|---|---|
| Bihar | 9640 | Chhattisgarh | 3195 |
| MP | 7850 | Telangana | 2102 |
| West Bengal | 7523 | AP | 1255 |
| Rajasthan | 6026 | Haryana | 1093 |
| Odisha | 4528 | HP | 826 |
| Tamil Nadu | 4079 | Mizoram | 399 |
| Karnataka | 3647 | Sikkim | 388 |
| Gujarat | 3478 | Goa | 386 |

*Source: Ministry of Finance*

//

- **भाग:**
  - इस योजना के **आठ भाग हैं, जिसमें भाग-I, 1 लाख करोड़ रुपएके आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।** यह राशि **15वें वित्त आयोग** के निर्णय के अनुसार राज्यों के बीच केंद्रीय करों और कर्त्तव्यों में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित की गई है।
  - योजना के अन्य भाग **या तो सुधारों से जुड़े हैं या क्षेत्र-वशिष्ट परियोजनाओं के लिये हैं।**
    - **भाग- II पुराने वाहनों को नष्ट करने और स्वचालित वाहन परीक्षण सुविधाओं की स्थापना के लिये राज्यों को प्रोत्साहन प्रदान करता है।**
    - **भाग-III और IV शहरी नियोजन एवंशहरी वित्त में सुधार के लिये राज्यों को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।**
    - **भाग-V शहरी क्षेत्रों के पुलिस स्टेशनों में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिये उपलब्ध घरों की संख्या का विस्तार करने हेतु धनराशि प्रदान करता है।**
    - **योजना का भाग-VI** यूनिटी मॉल परियोजनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकीकरण, **मेक इन इंडिया** तथा **एक ज़िला एक उत्पाद** के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।
    - **भाग-VII** के अंतर्गत पंचायत **और वार्ड स्तर** पर **डिजिटिल बुनियादी ढाँचे के साथ पुस्तकालय स्थापित करने** के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता के रूप में 5,000 करोड़ रुपए प्रदान किये जाते हैं, जिससे मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों को लाभ होता है।
- **योजना के उद्देश्य:**
  - इस योजना से **मांगको बढ़ावा देने और रोज़गार सृजनकरके अर्थव्यवस्था पर उच्च गुणक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।**
  - इस योजना का उद्देश्य **राज्यांश की पूर्तिहेतु** धनराशि प्रदान करके कार्यक्रम जल जीवन मिशन **और** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे महत्त्वपूर्ण उद्योगों में योजना को गति देना है।
  - यह योजना शहरों में जीवन की गुणवत्ता और **शासन में सुधार के लिये राज्यों को शहरी नियोजन एवं शहरी वित्त में सुधार करने** के लिये प्रोत्साहित करने का भी प्रयास करती है।

# भारत में पूंजीगत व्यय:

- **पूंजीगत व्यय:**
  - यह **बुनियादी ढाँचे, भवन, मशीनरी और उपकरण जैसी भौतिक संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उनमें सुधार के लिये सरकार द्वारा आवंटित धन को संदर्भित** करता है।
  - इसे **उत्पादक और विकास में वृद्धि का कारक** माना जाता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था की **उत्पादक क्षमता में वृद्धि** करता है, साथ ही **भविष्य में आय बढ़ाने के साथ ही रोज़गार सृजित** करता है।
  - भारत सरकार अपने वार्षिक बजट के माध्यम से **पूंजीगत व्यय आवंटित** करती है, जिसे वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
    - पूंजी निवेश परिव्यय में लगातार तीसरे वर्ष वृद्धि देखी गई है, जो 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच गया है, यह **सकल घरेलू उत्पाद का 3.3% है और 33% (केंद्रीय बजट वर्ष 2023-24) की महत्त्वपूर्ण वृद्धि** दर्शाता है।
- **प्रभावी पूंजीगत व्यय:**
  - बजट में प्रस्तुत पूंजीगत व्यय में **राज्यों और अन्य एजेंसियों के लिये अनुदान सहायता के माध्यम से निर्मित पूंजीगत संपत्ति में सरकार द्वारा किया जाने वाला व्यय शामिल नहीं है।**

- इन अनुदानों को बजट में राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया गया है, इसके साथ ही **ये सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल आदि जैसी अचल संपत्तियों के निर्माण में भी योगदान देते हैं।**
- इसलिये केंद्र सरकार द्वारा **सार्वजनिक निवेश की वास्तविक सीमा को प्राप्त करने के लिये 'प्रभावी पूंजीगत व्यय' की अवधारणा** प्रस्तुत की गई है।

◦ प्रभावी पूंजीगत व्यय को **पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिये पूंजीगत व्यय और अनुदान के योग के रूप में परिभाषित** किया गया है।

- **इसके लिये बजट 13.7 लाख करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद का 4.5% (केंद्रीय बजट 2023-24) है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसको/किनको भारत सरकार के पूंजी बजट में शामिल किया जाता है?(2016)**

1. सड़कों, इमारतों, मशीनरी आदि जैसी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण पर व्यय।
2. विदेशी सरकारों से प्राप्त ऋण।
3. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदत्त ऋण और अग्रिम।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/special-assistance-to-states-for-capital-investment-2023-24